आइआइएम का ऑडिटोरियम लर्निंग सेंटर बनेगा : नथवाणी

ऑडिटोरियम का ऑनलाइन उदघाटन करते सांसद परिमल नथवाणी.

विशेष संवाददाता, रांची

- 13 .56 करोड़ रुपये की लागत से बने ऑडिटोरियम में 650 लोगों के बैठने की क्षमता है

आइआइएम, रांची के नगड़ी नया सराय स्थित नये परिसर में 13.56 करोड़ रुपये की लागत से 40 हजार वर्गफीट में बने अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का सोमवार को उद्घाटन हुआ. सांसद परिमल नथवाणी ने ऑडिटोरियम का ऑनलाइन उदघाटन किया. कुल 650 लोगों की बैठने की क्षमता वाले इस ऑडिटोरियम के लिए सांसद परिमल नाथवाणी ने स्थानिक विस्तार विकास निधि से आइआइएम के 13.56 करोड़ रुपये उपलब्ध कराये हैं. उद्घाटन के बाद श्री नाथवाणी ने कहा कि भारत के शीर्ष प्रबंधन संस्थानों में स्थान पानेवाले इस आइआइएम के विश्व स्तरीय सेमिनार हॉल का उद्घाटन करना उनके लिए गर्व की बात है.

उन्होंने कहा कि यह हॉल लर्निंग सेंटर के रूप में उभर कर आगे आयेगा, जहां भारत सहित दुनिया की शीर्ष कंपनी के सीइओ, व्यावसायिक जगत के विशेषज्ञ व मैनेजमेंट गुरु आयेंगे तथा यहां के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के साथ बातचीत करेंगे. आइआइएम के निदेशक डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह ने इस विश्व स्तरीय वातानुकूलित ऑडिटोरियम के निर्माण के लिए सांसद, सदस्यों, ठेकेदारों व सलाहकारों को धन्यवाद दिया. उन्होंने कहा कि दो साल के भीतर संस्थान को पहला भवन मिला है. कोविड-19 की चुनौतियों के बीच यह उपलब्धि हासिल की गयी है.

जहां चाह, वहां राह : निदेशक ने कहा कि ऑनलाइन मोड से उद्घाटन ने जहां चाह वहां राह को चरितार्थ किया है. इस अवसर पर बोर्ड ऑफ गवर्नेंस के अध्यक्ष प्रवीण शंकर पांड्या ने कहा कि आइआइएम, रांची से उत्तीर्ण विद्यार्थी झारखंड और भारत को पहचान दिलाने के लिए कृत संकल्पित हैं. भविष्य में यह सभागार अपने शिक्षण और अनुसंधान में गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाली कई बौद्धिक चर्चा और बैठकों की मेजबानी करेगा.

Prabhat Khabar, 15.12.2020, Pg. 04